के मास्टर्ज हर स्कूल के अन्दर दिये जायें। जैसा कि मुख्य मंत्री महोदय ने यह ऐलान भी किया था कि जिस स्कूल के अंदर डिमांड होगी, वहां पर तो हम जरुर लगायेंगे। इसलिए पंजाबी टीचर्ज तो जहां पर मांग हो, वहां पर कम से कम देने ही चाहिए। एक दूसरी बात यह है कि वहा ंपर एक कालेज जरुर होना चाहिये। वहां की 30 हजार की आबादी है। वहो के बच्चे भी दूसरे इलाके के बच्चो की तरह से पढना चाहते है और यह एक बहुत ही अहम बात है। सरकार इस बात को करने के लिए 20–30 साल से यह कोि ा ा कर रही है कि सैंट–परसैंट पढे–लिखे लोग हो जायें। लेकिन अगर किसी इलाके में कालेज ही नही होगा तो वहां के बच्चे कैसे पढेंगे। एक बात और मै यह कहना चाहता हूं कि स्कूलो के अन्दर केवल 4–5 मास्टर्ज है, मिडल स्कूल के अन्दर 2–3 ही होगे और एक प्राइमरी स्कूल के अन्दर तो एक ही होगा। इतनी हालत वहां की खराब है। डिप्टी स्पीकर साहब, मै आपके द्वारा यह कहना चाहता हूं कि स्कूलो के अन्दर टीचर्ज का पूरा प्रबन्ध होना चाहिये। डिप्टी स्पीकर साहब, आप तो बहुत पुराने राजनीतिक आदमी है। आपको अच्छी तरह से मालूम है कि किसी हलके के अन्दर अगर कोई काम नही होता तो लोग सरकार को कोसते है। इसके अलावा वहां की सडके भी टूटी पडी है। अभी तक तो वहां सडको को ठीक करने का कोई काम हुआ नही है लेकिन मुख्य मंत्री जी अब यह कहते है कि हम 31 मार्च तक ठीक करा देंगे, यह भी देख लेंगे। दूसरी एक बात मै और कहना चाहता हू कि वहा पर हास्पीटल बराय नाम है। (घंटी) अभी तो मै

बोलना भुरु हुआ हूं। डिप्टी स्पीकर साहब, मै न बजट पर बोला हूं और न ही गवर्नर ऐड्रेस पर बोला हूं। आपको आखिर मुझे कुछ तो टाईम देना चाहिये।

श्री उपाध्यक्षः आपको बोलते हुए 13 मिनट हो गये है।

श्री पीर चन्दः डिप्टी स्पीकर साहब, मै थोडा सा और बोलना चाहता हूं। मै यह कह रहा था कि वहां का हास्पीटल बरायनामा है। बडी ही खु ी की बात है कि मुख्य मंत्री जी के आदे ा पर या मंत्री महोदयन के आदे ा पर सरकार ने मुझे मेरे सवाल के जवाब में यह वि वास दिलाया है कि रतिया में 30 बैड का हास्पिटल बनाया जायेगा। मै इस बारे में अर्ज करना चाहता हूं कि अगर इसको 1992–93 के अन्दर ही बना दे तो इससे जनता का भला होगा और उस इलाके के बीमार लोगो को, जिनको कंधो पर उठाकर टोहाना या पटियाला या फिर फतेहाबाद ले जाना पडता है, उनको राहत मिलेगी वहां की 30000 की आबादी है। इसलिए मेरा कहना यह है कि इस हास्पिटल को 30 बैड का हास्पिटल जल्दी से जल्दी बनाया जाये (धंटी)।

श्री उपाध्यक्षः पीर चन्द जी, अब आप खत्म करें।

श्री पीर चन्दः मुझे थोडा सा टाईम तो और बोलने दें। वहां पर एक बस अड्डा भी नही है। मै यह भी कहना चाहता हूं कि वहा पर बस–अडडा भी होना चाहिये। मुख्यमंत्री जी यहां पर अब तो बैठे नही है। दूसरी मंत्री महोदय बैठे है, वे उन्हे बता

देंगे। मै एक बात यह कहना चाहता हूं कि वहां के लिये कोई न कोई आई0 टी0 आई0 जरुर खोलनी चाहिये ताकि वहां के बच्चे दस्तकारी सीख सकें। इससे एक तो बच्चो को काम सिखने का मौका मिलेगा और वह कुछ सीख कर अपना धन्धा कर सकेंगे। दूसरे वहां का इलाका खासकर पंजाब के साथ लगता है, इसलिये वह गोलियो के चक्कर से बच जांएंगे। उन आदमियो के पास कोई काम धन्धा नही है। वहां पर बेकार लोगो के पास कोई काम नही है। इसलिए जरुरी है कि उनको कोई ट्रेनिंग दी जाए। डिप्टी स्पीकर साहब, जाखल एक मंडी है और वह ंपर म्युनिसिपल कमेटी है। वहा पर 10+2 का स्कूल अपग्रेड करने का फैसला किया गया था लेकिन पता नही किस वजह से उसको अपग्रेड नही किया गया। उसका नाम काट दिया गया। वहां पर स्कूल के लिए बीस कमरे बनाए गए थे। हैडमास्टर्ज और टीचर्ज के लिए कमरे बनाए थे क्योंकि सरकार ने ए योरें ा दी थी कि उसको अपग्रेड कर दिया जाएगा। मै इस बारीकी में नही जाता कि इसका नाम क्यों काट दिया गया है। मेरी प्रार्थना तो यह है ि कइस स्कूल को 10+2 का बना दिया जाए। इस स्कूल का नाम काट देना कोई अच्छी बात नही है। उपाध्यक्ष महोदय, रतिया से जाखल तक का एरिया पंजाब बोर्डर से लगता है। वहां के लोगो को आर्म्ज के लाइसैंस दिए जाएं जिससे कि वे अपनी रक्षा कर सकें और पुलिस की भी मदद कर सकें। लाइसैंस देने से पुलिस को भी फायदा होगा क्योंकि इससे उस पर बोझ कम हो जाएगा। उपाध्यक्ष महोदय, रत्नगढ व राजावाली गांव के पास भाखडा का पुल है।

उसके दोनो साइड टूट गए है जिससे वहां पर ट्रक आदि गिर जाते है और एक बार तो बस भी गिरने से बच गई थीं। इस पुल की बडी खस्ता हालत है। वह कभी भी गिर सकता है। यह पुल ऐसा है कि जहां से व्हीकल्ज़ काफी तादाद में गुजरती है और वे बसिज पंजाब को जाती है। मेरी सरकार से प्रार्थनाहै कि इस पुल को जल्दी से जल्दी बनाया जाए। अगर कोई बस या ट्रक गिर गया और सरकार ने उसके बादउस पुल को बनाया तो क्या फायदा होगा। इसलिए सरकार से मेरी प्रार्थना है कि इसको पहले ही बनाया जाए। मै इतना ही कहना चाहता हूं। धन्यवाद।

सरदार जसविन्दर सिंह (पेहवा): डिप्टी स्पीकर साहब, मै बजट की डिमाण्डज पर बोलने के लिए खडा हुआ हूं। डिप्टी स्पीकर साहब, पेहवा की सडको के बारे में बहुत बुरी हालत है। मागना से धूडगढ की एक सडक है। इस पर रोडी और बजरी पडी हुई है लेकिन यह सडक कम्पलीट नही हुई। मेरी सरकार से प्रार्थना है कि इसको जल्दी पूरा किया जाए। हरियापुर से भाादीपुर की जो सडक है उसकी भी यही हालत है। इसको भी पूरा किया जाए। डिप्टी स्पीकर साहब, मेघा माजरा सेजवेडा की जो सडक है इस पर पुल बनने वाला है और इस पर रोडी और मिटटी पडी हुई है। इस सडक पर पुल न होने की वजह से यह काम रुका पडा है। बोडा और जखवाा के बीच में से घग्घर नदी गुजरती है। इस पर पुल होना चाहिए क्योंकि जखवाला का ब्लोक, पुलिस स्टे ान और सब डिविजन पेहवा पडता है। सभी काम के लिए लोगो को

पहवा आना पडता है। पुल न होने की वजह से पच्चीस किलोमीटर का फासला तय करना पडता है। मतलब यह है कि पेहवा आने के लिए इसमाइलाबाद होकर आना पडता है। अगर यह पुल बन जाए तो यह फासला कम हो सकता है। डिप्टी स्पीकर साहब, मेरागांव गुमथला है। वहां पर हाई स्कूल की बिल्डिंग ि ाक्षा विभाग की ओर से अनसेफ घोशित की गई है जिससे वहां पर बच्चो की लाइफ को खतरा है। मेरी प्रार्थना है कि इस बिल्डिंग को जल्दी से जल्दी बनाया जाए। वहां पर स्टाफ की भी बहुत कमी है। मेरी प्रार्थना है कि स्टाफ की कमी को पूरा किया जाए। सियुसर बीड पेहवा हल्के में है। वहां पर आवारा गायं और नील गाय बहुत ज्यादा है लोकि फसो का बहुत नुक्सान करती है। वहां पर कुछ और गांव जैसे हेलवा, नौच, बाखली और संयूसर, संतोडा है। इन गावों की फसलो का भी ये गाय बहुत नुक्सान करती है। इसलिए मेरी प्रार्थना है कि इन गावों के आसपास कांटो की तार लगाई जाए। डिप्टी स्पीकर साहब, मेहवा में हरियाणा मिल्क फूड के नाम से एक फैक्टरी है जोकि बिल्कुल संदौला के साथ लगती है। फैक्टरी का जहरीला और गन्दा पानी फैक्टरी वाले इस माइनर में डालते है जिससे प ाुओ को काफी नुकसान पहुंचता है और फसलो को भी बहुत नुक्सान होता है। मै मंत्री जी से अनुरोध करुंगा कि इस जहरीले पानी को इस माइनर में डालना बन्द करवाया जाए।

इसी तरह से उपाध्यक्ष महोदय, मै बजट परिवहन के मामले में भी कुछ कहना चाहूंगा। बजट मे भी परिवहन के बारे में सरकार ने बहुत कुछ कहा है कि हम इतनी बसे चला रहे है। पुरानी बसो को बेचकर नई डाल रहे है। लेकिन आज हरियाणा के अन्दर परिवहन की बहुत बुरी हालत है। मै आपको अपने हल्के की बात कहूंगा कि पेहवा से गांव अधोया तक आठ–दस सालो से लोकल बस चलती थी लेकिन अब सरकार ने वह बस बन्द कर दी है। मेरा अनुरोध है कि उसको दोबारा चालू किया जाए।

इससे आगे मै सिंचाई के बारे मै कहना चाहूंगा कि मेरे पेहवा हल्के में जो सरस्वती नहर थी पिछले नवम्बर में वह टूट गई थी जिसके कारण से 400, 500 एकड भूमि में पानी फिर गया था और किसानो की बासमती की फसल बिल्कुल नश्ट हो गई थी। इस फसल को दोबार बोने के लिए हम डी0 सी0 साहब के पास सहायता के लिए गये कि हमें सुरजमुखी बीज का प्रबंध कर दीजियेगा लेकिन उन्होने कोई प्रबन्ध नही किया हालांकि यहां पर सरकार की ओर से बार बार यह आ वासन दिये जाते रहे है कि सरकार सुरजमुखी का बीज किसानो को देगी। पेहवा कांस्टीच्युऐंसी में से गुजर कर जाने वाली भाखडा नहर पर चौ0 बंसी लाल जी के वक्त में सरकार द्वारा किनारो पर टयूबवैलज लगवाये थे जिसका पानी आगे ले जाने के लिए नहरो में डाला जाता है। चूंकि पेहवा में वाटर स्तर बहुत नीचे चला गया है। पानी की किल्लत है। इसलिए मै अपने सिंचाई मंत्री महोदय से कहूंगा

कि इन टयूबवैल्ज का पानी साथ लगते हुए किसानो के खेतो को दिया जाए। हम पेहवा वाले एस0 वाई0 एल0 का पानी तो ले नही सकते उल्टा यह सरकार पेहवा के पानी को ही लुट रही है।

इस के बाद अब मै कानून व्यवस्था के बारे में भी कुछ कहना चाहूंगा। गांव पवाल के सरदार दसौंदा सिंह की लडकी की भाादी थी। अगले ही दिन बारात चली गई। उससे अगले दिन जब वह अपने रि तेदारो को बस स्टैंड पर छोडने के लिए गया। ज बवह बस स्टैंड से अपने रि तेदारो को छोडने के बाद बाहर निकल रहे थे तो उधर से मुख्य मंत्री महोदय जी की कारो का काफिला आ गया। हो सकता है कि सरदार दसौंदा सिंह जी से अनजाने में कोई गलती हो गई हो। चलती गाडी में से नादर ााही हुक्म जारी हो गया ि कइस आदमी के बारे में पता किया जाए कि ये कौन आदमी है? उसके बाद पुलिस आई और उस को पकड कर मारपीट कर थाने में ले गई। बडी बेरहमी से उसको पीटा गया। मै कुछ आदमियो के साथ एस0 एच0 ओ0 को थाने में मिलने के लिए गया। उसने हमको कहा कि इसने भाराब पी रखी है। यह टक्कर मारने लगा था। उस के बाद मै हस्पताल गया और डाक्टरो से उस के बारे में पूछा तो उन्होने कहा कि इसने कोई भाराब नही पी रखी थी। लेकिन इसके बावजूद भी उसका चालान कर दिया गया और फिर अन्दर कर दिया गया। अगल दिन उसकी जमानत हुई। यह उपाध्यक्ष महोदय, इनकी कानून व्यवस्था का हाल है।

इसी तरह से एक और वाक्या मै आपको बताता हूं। चार पांच दिन की बात है पेहवा के अन्दर एक लडके ने किसी लडकी के साथ दुर्व्यवहार किया जिसकी हम सभी निन्दा करते है। उस लडके के साथ प्र ाासन की ओर न ही हमारी कोई हमदर्दी थी क्योंकि उनसे ऐसा काम किया था लेकिन बडे दुख के साथ कहना पडता है कि उसके भाई को, जो कि उस वक्त मंडी मे था, और घटना के वक्त मौजूद नही था, उस को भी पकड लिया गया। मैने 15–20 मिनट तक एस0 एच0 ओ0 से इस बारे में बातचीत भी की तो एस0 एच0 ओ0 ने कहा कि उस लडके को हम कुछ नही कहेंगे। उसका कोई कसूर नही है। उसको हम छोड देंगे। उसके साथ कोई ज्यादती नही करेंगे। उपाध्यक्ष महोदय, उस लडके के भाई भोर सिंह के बारे में पेपर में भी आया था कि वह उस दिन मण्डी में कम्बाईन रिपेयर करवाने के लिये आया था और उसको पुलिस जबरदस्ती पकड कर ले गई। इसके बाद उपाध्यक्ष महोदय, मै आपको क्या बताऊ कि उन दोनो भाईयो को डी0 एस0 पी0 बलबीर सिंह ने दोबारा थाने में से बुलवाया और उन दोनो का मुहं काला करके और बिल्कुल नंगा करके मेन चौक में घुमाया गया। बोलो साहब रोड जो कि पेहवा भाहर का काफी आबादी वाला और व्यवस्था वाला हिस्सा है, वहां पर उन दोनो भाईयो के साथ इस तरह का दुर्व्यवहार किया गया। वह एक ऐसा हिस्सा है जहां से दोपहर डेढ बजे से लेकर भााम के पांच बजे तक हमारी बहु–बेटियां वहां से गुजरती है। यह बडी ही भार्म की बात है कि उसी वक्त में उनको अल्फ नंगा करके वहां से गुजारा जाता है।

उपाध्यक्ष महोदय, आज के युग में यह बहुत ही लज्जाजनक बात है कि जिस भाहर के हिस्से से हमारी बहू–बेटियो का आना जाना रहता है उसी मार्ग से पुलिस ने जानबूझ कर उन आदमियो को नंगा करके, उनका मुंह काला करके घुमाया और वह साढे चार बजे का टाइम था जिस वक्त सारे भाहर की बहू बेटियो मेन गुरुद्वारा रोड मार्किट में खरीद फरोख्त के लिए जाती है। वहां पर उस लडके को नंगा करके घुमाया गया। छोटे लडके के सिर पर के ा नही थे और बडे लडके के सिर पर के ा थे। जिस लडके का इस केस से बिल्कुल संबंध नही था उसके हाथो में 12–14 फूट की हथकडियां डाल कर उसको सारे भाहर में घुमाया गया। इन्होने वहां पर इस तरह के हालात बना रखे है कि जिस तरह से पंजाब में उग्रवादियो ने कर रखे है। यह सारा काम सरकार कर रही है। डिप्टी स्पीकर साहब, एक वि ोश समुदाय के लोगो को जिनका दे ा की आजादी में बहुत बडा हाथ है जिसने प्रान्त के विकास के लिए इतना काम किया, उनके साथ ज्यादती हो रही है। हमारे यहां पंजाबी लोगो का खेती का धंधा है और वे खेतो में रहते है। आज वहां पर किसी की भी इज्जत मजफूज नही है। पुलिस दीवार फांदकर घरो के अन्दर चली जाती है। रात के समय लोग अपने घरो में सोए होते है और उनको जलील किया जाता है। डिप्टी स्पीकर साहब, मैने जो थोडी देर पहले स्पीकर साहब, की कांस्टीच्यूएंसी की बात कही उसके बारे में अर्ज है कि वह आदमी अपनी लडकी की बारात जाने के बाद मेहमानो को बस स्टैण्ड पर छोडकर घर वापिस जा रहा था। इसलिएवह उस समय

सडक पर खडा था। लेकिन यह फैक्ट है कि जब कभी भी सी0 एम0 की गाडीयां जाती है तो किसी सिख का उस सडक पर आना ही गुनाह हो गया है।

ऐक्साइज एंड टैक्से ान मंत्री श्री ए0 सी0 चौधरी जी उठ कर चले गए है। भाराब की बिक्री में खुरदो का बहुत बुरा हाल है। हम जब भी संबंधित अधिकारी को है कि इनको बन्द करवाया जाए तो वह कहता है कि इनसे आमदन होती है। हमें इस बारे में सरकार का आदे ा मानना चाहिए क्योंकि यह एक आमदनी का धंधा है। जब भी किसी संबंधित अधिकारी को कहा जाता है कि फलां गांव में टूटीयां नही है इसलिए पानी का इन्तजाम किया जाए तो वह कहता है कि हमारे पास पाइप और टूटियां नही है। आप मार्किट से खरीद कर ले आए। डिप्टी स्पीकर साहब, पेहवा म्यूनिसिपल कमेटी के साथ साथ पेहवा पंचायत भी है। उस पंचायत की पेहवा भाहर के अन्दर बहुत कीमती जमीन है। पीछे जो वहां के सरपंच थे उनको गलत पटटे देने की वजह से अधिकारियो ने सस्पैंड कर दिया था। उन्होने बहन सन्तोश सारवान को एप्रोच किया। उसके बाद उसने हमारे गांव के एक फार्म में चाय पानी का आयोजन किया जहां पर सारा लेन देन हुआ। उसके बाद उस सरपंच को बहाल कर दिया गया। उसके बाद जब इलैक ान हुए तो उसमे वह हार गया। जो करोडो रुपये की पंचायत की सम्पत्ति थी वह उसने अपने आदमियो को दे दी। जो वहां का चेयरमैरन था मै उसका नाम नही लूंगा। वह सी0

एम0 साहब का बहुत चहेता है। उसके रि तेदारो के नाम पटटे बांटे गए। यहां पर जिक्र आया कि बाबा साहब अम्बेडकर की प्रतिमा को किसी विधायक ने तोड दिया। यह बहुत गलत बात है और मै चाहता हूं कि उस विधायक के खिलाफ कार्यवाही होनी चाहिए। मै इसकी कडे भाब्दो में निंदा करता हूं। इन भाब्दो के साथ मै आपका धन्यवाद करते हुए अपना स्थान लेता हूं।

श्री अमीर चन्द मक्कड(हांसी): डिप्टी स्पीकर साहब, आपका धन्यवाद क्योंकि आपने मुझे बोलने का समय दिया।

श्री अमर सिंह: डिप्टी स्पीकर साहब, मेरा प्वायंट औफ आर्डर है।

Mr. Deputy Speaker: What is your point of order?

श्री अमर सिंह: डिप्टी स्पीकर साहब, हमारी पार्टी के दो माननीय सदस्य राज्यपाल महोदय के अभिभाशण पर बोले है। बाकी न बजट पर बोले है और न ही डिमांडज पर बोले है। इसलिए उनको डिमांडज पर बोलने की इजाजत दी जाए। सबसे पहले औम प्रका ा जिंदल जी को बोलने की इजाजत दी जाए।

श्री उपाध्यक्ष: अमर सिंह जी, आप कृप्या बैठ जाए।

श्री अमीर चन्द मक्कड: डिप्टी स्पीकर साहब, मै आपका इस बात के लिए धन्यवाद करता हूं कि आपने मेरी तरफ ध्यान दिया। डिमांड पर बोलने से पहले मै एक बात यह कहना चाहूंगा

कि इस समय हरियाणा प्रदे ा के विकास का काम चल रहा है। हमें इस बात की भी खु ी है कि जब चौधरी भजन लाल जी हरियाणा प्रदे ा के मुख्य मंत्री बनते है तब तब हरियाणा प्रदे ा का विकास होता है लेकिन मै एक बात जरुर कहना चाहूंगा कि विकास में जो कमियां है। (विघ्न)

श्री सतबीर सिंह कादयानः उपाध्यक्ष महोदय, मेरा प्वायट आफ आर्डर है। माननीय सदस्य ने फरमाया है कि जब जब चौधरी भजन लाल जी हरियाणा प्रदे ा के मुख्य मंत्री बनते है तब तब हरियाणा प्रदे ा का विकास होता है। डिप्टी स्पीकर साहब, 1982 में इनको ** ** ** ** ** ** की डिग्री देने वाले यही थे। (ाोर)

Mr. Deputy Speaker: This reference will go out of the record.

श्री अमीर चन्द मक्कडः डिप्टी स्पीकर साहब, मै हरियाणा के विकास के बारे में अर्ज कर रहा था। डिप्टी स्पीकर साहब, अब मै डिमांड नम्बर 8 के बारे में अपने विचार प्रकट करना चाहूंगा जो भवन तथा सडको के बारे में है। इस डिमांड पर बोलते हुए मै कहना चाहूंगा कि पिछले चार साल के समय मे सडको का कोई काम नही हुआ। हमारे नेता यहां सदन में नही बैठे है वह अपने चैम्बर में मेरी बातें सुन रहे होगे। पहले भी कई बार ऐसा हुआ है कि जो भी कोई निर्माण का काम होता है उसके लिए कोई समय निर्धारित नही हुआ है। मै कहूंगा कि चाहे कोई भी निर्माण का काम हो उसके समय की सीमा निर्धारित अव य

होनी चाहिए जैसे आज कोई भवन बनाया जाता है तो उसकी 100 साल तक की सीमा निर्धारित अव य होनी चाहिए। प्रायः यह देखने में आया है कि पहले जो भवन बने हुए है यह तीन चार साल के बाद ही खत्म हो गए है। उनके बारे में न कोई इन्कवायरी होती है और न ही किसी की कोई पुछताछ होती है ।मै आपको एक मिसाल देता हूं कि 1968–69 में हांसी के अन्दर एक गवर्नमैंट स्कूल की बिल्डिंग बनी थी और एक गवर्नमैंट होस्पीटल की बिल्डिंग बनी थी तथा एक कालेज की बिल्डिंग बनी थी और उन बिल्डिंगज को भवन तथा सडक विभाग ने बनाया था। तीन साल के बाद वह बिल्डिंग खत्म हो गई और उन बिल्डिंगज के बारे में कोई किसी की पूछताद नही की गई। अब दोबार उन बिल्डिंगज को बनाना पडा। उन बिल्डिंगज को बनाने का काम हमारी देख रेख में हुआ है। कोई भी जा कर उन बिल्डिंगज को देख सकता है वे बिल्डिंगज अगले 100 साल तक नही गिरेंगी। मेरे कहने का मतलब यह है कि जो पैसा किसी निर्माण के काम पर खर्च करते है अगर उस निर्माण के काम को कोई देखने वाला नही होगा तो वह काम ठीक नही होगा। इस बारे में मै एक प्रार्थना करना चाहता हूं कि जो भी किसी भवन का या और किसी चीज का निर्माण होता है उसके लिए कोई कमेटी बना दें ताकि उस पर उसका कंट्रोल हो और वह काम ठीक हो। हांसी में एक गवर्नमैंट स्कूल के 8 कमरे बनवाने थे जिनका ऐस्टिमेट 4 लाख 44 हजार रुपए बना था। हमने चौधरी भजन लाल जी से प्रार्थना की कि इसकी बनाने की इजाजत दें। इसके

लिए एजूके ान डिपार्टमैंट की एक कमेटी बनाई गई। हमने 2 लाख 78 हजार रुपये में 8 कमरे बना दिए। ये इतने अच्छे बने है जिनके उपर कोई अंगली नही उठा सकता। इसके बाद सरकार बदल गई। इसके लिए 36 लाख रुपये मंजूर किए गए थे। नई सरकार के समय में 26 लाख रुपये के जो कमरे बनाए गए है उनकी दो साल के बाद ही मुरम्मत करनी पडी और जो 8 कमरे हमारे समय में बने थे 100 साल तक मुरम्मत नही मांगते। मेरे कहने का मतलब यह है कि जो इस प्रकार की लूट चल रही है जब तक इसको बंद नही किया जायेगा तब तक इसको बंद नही किया जायेगा तब तक कोई काम ठीक नही हो सकता। इस प्रकार की लूट चाहे किसी भी विभाग में हो और कोई भी करता हो उसको रोका जाना चाहिए। चाहे कोई ठेकेदार है या चाहे कोई अफसर है इस पब्लिक के पैसे की हम रखवाली जो नही कर पा रहे है, रखवाली करनी चाहिए। इसके साथ साथ डिप्टी स्पीकर साहब, अभी कुछ साथी कानून व्यवस्था के बारे में बोल रहे थे। इसके बारे में मैने भी कल एक स्थगन प्रस्ताव दिया था। उस पर समय नही मिला। चौधरी भजन लाल जी ने 17 तारीख को हाउस में बयान दिया कि पंजाब से काफी असला स्मगल हो कर हरियाणा में पहुंचा है जिसकी जांच हो रही है। डिप्टी स्पीकर साहब, इस बारे में हमारे अपोजी ान के नेता ने नारनौंद में एक ब्यान दिया कि हम सभी अपने वर्करो को उग्रवादी बना देंगे। यह उस असले से लिंक करते हुए बयान है। मै समझता हूं कि अगर इस किस्म की ढील जैसे पंजाब में भिण्डरवाला को दी गई थी उसी प्रकार

की यहां पर दी गई तो जैसे पंजाब जल रहा है उसी प्रकार से हरियाणा भी जलने लगेगा। इस किस्म को जो ये वातावरण बना रहे है और ब्यान देते है, उस पर रोक लगनी चाहिये। इन्होने ब्यान दिया कि सरकार झुठे मुकदमें बना रही है। मेरे लडके के उपर 302 का मुकदमा उस वक्त के होम मिनिस्टर ने बनवाया। उस वक्त हमने ब्यान नही दिया कि मेरे लडके उग्रवादी हो जांएगे। चौधरी भजन लाल जी के ऊपर 80 मुकदमे बनाए गए इन्होने ब्यान नही दिया कि ये उग्रवादी हो जाएंगे। आज उग्रवादी होने का जो लोग सुझाव दे रहे है इन पर सरकार को फौरन कन्ट्रोल करना चाहिए वरना यहां पर भी पंजाब जैसे हालात हो जाएंगे। यहां पर यह भी कहा गया कि हरियाणा में लूट पाट हो रही है। कार छीनी जा रही है और किसी की इज्जत लूटी जा रही है, यह उस बात से लिंक करती हुई बात है जो नाजायज असले की बाबत यहां पर हुई है कि यहां पर नाजायज असला आ पहुंचा है। मेरे कहने का मतलब यह है कि जिस किसी के पास भी नाजायज असला है उस पर रोक लगनी चाहिए। श्री अमर सिंह की ओर से (विघ्न) माननीय साथी जो कह रहे है मै बताना चाहता हूं कि इन्होने हांसी में जा कर बहुत भाोर मचाया लेकिन ये मेरे लडके के खिलाफ कुछ साबित नही कर पाए। (ाोर एवं विघ्न) चौहान साहब आप सुनने की कृपा करे। इस बारे में मै यह कहना चाहता हूं कि हाउस की एक कमेटी बना कर भेज दो और उसकी जांच कर लो। मेरे लडके का एक छोटा सा कसूर भी नही मिल सकता। (ाोर एवं व्यवधान)

श्री उपाध्यक्षः चौहान साहब, कृप्या आप डिस्टर्ब न करें।

श्री अमीर चन्द मक्कडः डिप्टी स्पीकर साहब, मै अपने मैम्बर साथियो से एक प्रार्थना करुंगा कि वे अपनी ही पार्टी के मैम्बरो की एक कमेटी बना लें। इनकी पार्टी के मैम्बर हांसी मे जाकर अच्छी तरह से जांच कर लें। इनकी पार्टी के रामभजन जी बैठे है, लहरी सिंह जी बैठे है और चौहानर साहब खुद बैठे है, ये जा कर जांच कर ले कि मेरे लडके का कोई कसूर था या नही। अगर मेरे लडके का कसूर मिले तो जो भी सजा हाउस मुझे देगा उसे मै भुगतने के लिए तैयार हू। ये उस बात को भूल गए जब इनके नेता के समय में हुई थी। मुझे इस बात पर बोलना तो नही था लेकिन ये कुछ कह रहे है इसलिए बोलना पड रहा है। उस समय मां–बहन भाई को एक दूसरे के सामने नंगा किया गया था। यहां पर इनके नेता ब्यान देते है कि मैने छुट दे दी थी कोई भी एम0 एल0 ए0 चला जाए और जांच कर ले। इस बारे में मै बताना चाहता हूं कि इस हाउस में इस समय हमारी बहन वहां पर लोगो का हाल पुछने चली गई थी कि तुम्हारे साथ क्या ज्यादती हुई है? इसी पर उनके नेता ने वही ंपर उनकी कार छिन ली थी और इनको वही ंसे पैदल आना पडा था। ये लोग अमर और भाांति की बात करते है। डिप्टी स्पीकर साहब, ये सच्चाई मुझ से बुलवाते है। यह ठीक है कि मेरे साथ जो हुआ वह मैने भुगता लेकिन उसके लिए मुझे किसी से कोई रंज नही है। मै औलाद वाला हूं। सच्ची बात तो कहनी ही पडती है। सच्ची बात सुनने में दर्द होता है

लेकिन मेरे पास इसका कोई इलाज नही है। मैने आज यहां पर चैलंज कर दिया है। डिप्टी स्पीकर साहब, आप 3 आदमियो की हाउस की एक कमेटी बना दें। यह कमेटी इन्कवायरी करके जो फैसला देगी मै वह मान लूंगा। (विध्न) या तो ये भुगत लेंगे या जो सजा कमेटी मुझे देगी वह मै भुगतने के लिए तैयार हूं। (विध्न)

वैयक्तिक स्पश्टीकरण–

(i) श्री अमीर सिंह द्वारा

श्री अमर सिंहः डिप्टी स्पीकर साहब, आनरेबल मैम्बर ने क्लीयर कट औप ान दी है। मै आपसे निवेदन करता हूं कि हाउस के मैम्बर्ज की कमेटी बना दी जाए और वे मैम्बर्ज भी वही रखे जाए जिन्हे मक्कड जी खुद कहें। (विघ्न)

(इस समय श्री अध्यक्ष महोदय, पदासीन हुए)

श्री अमीर चन्द मक्कडः चौधरी अमर सिंह जी, एक बात आप भी ध्यान से सुन लें। आप हांसी मे रहते है और मै भी हांसी मे ही रहता हूं। (विघ्न) * * * * *

श्री अमर सिंहः * * * * * *

श्री अमीर चन्द मक्कडः * * * * * * * * *

श्री अमर सिंहः * * * * * *

श्री अध्यक्षः अमर सिंह जी, आप कृप्या बैठिए। यह कोई पर्सनल ऐक्सप्लेने ान नही है।

श्री अमीर चन्द मक्कडः * * * * * * * *

श्री अध्यक्षः आप ऐलिगे ान और काउंटर ऐलिगे ान्ज न लगाएं तथा जो ऐलिगे ान्ज़/काउंटर ऐलिगे ान्ज़ लगाए गए है, वे रिकार्ड न किए जाए।

श्री अमीर चन्द मक्कडः अध्यक्ष महोदय, अभी तो मुझे डिमांड नं0 8 पर भी बोलना है। (ाोर एवं व्यवधान)

(ii) प्रो0 सम्पत सिंह द्वारा

प्रो0 सम्पत सिंहः अध्यक्ष महोदय, मै पर्सनल ऐक्सपलेने ान पर बोलना चाहता हूं। मैने बीच में टोकना उचित नही समझा क्योंकि मक्कड साहब बोल रहे थे। इन्होने बोलते हुए मेरा नाम भी लिया था कि हमने अपने भाशण में यह कहा है कि हम उग्रवाद फैला देंगे। स्पीकर साहब, मैने पहले भी कहा था और अब फिर कहता हूं कि सरकार अगर निर्दोश लोगो पर ज्यादती करेगी या करती रही, लोगो पर झुठे मुकदमे बनाती रही, निर्दोश लोगो को रात–दिन लूटते रहे तो लोग मजबूर हो जाएंगे। (ाोर एवं व्यवधान)

श्री अध्यक्षः यह बात तो आपने पहले भी कही है।

प्रो0 सम्पत सिंहः अध्यक्ष महोदय, इन्होने यह बात रिपीट की इसलिए मै कह रहा हूं। हम तो सरकार को चेतावनी दे रहे है कि सरकार इस बात से परहेज करे।

श्री अध्यक्षः ठीक है, अगर आपकी बात ऐक्सप्लेन हो गई तो आप बैठिए। (ाोर एवं व्यवधान)

जन स्वास्थय मंत्री (चौधरी जगदी ा नेहरा): अध्यक्ष महोदय, ये बडी ही सीरियस वारनिंग हमें दे रहे है। अध्यक्ष महोदय, क्या इनके राज में कोई झूठा मुकदमा नही हुआ? इनके राज में तो लोगो की क्या हालत हुई थी, वह सब जानते है। (ाोर एवं व्यवधान)

प्रो0 सम्पत सिंहः हमारे राज में कोई झूठा मुकदमा नही हुआ था। (ाोर एवं व्यवधान)

श्री अध्यक्षः ठीक है। अब आप सब बैठिए। मक्कड साहब आपका टाईम खत्म हो गया है।

श्री अमीर चन्द मक्कडः अध्यक्ष महोदय, अभी तो मेरी एक ही डिमान्ड पूरी हुई है और मैने तो अभी और भी बोलना है।

श्री अध्यक्षः आपका टाईम खत्म हो चुका है। अब आप बैठिए।

(इस समय बहुत से मैम्बर बोलने के लिए खडे हो गए)

श्री अध्यक्षः कृप्या आप सब बैठ जाए। अब श्री औम प्रका ा जिंदल बोलेंगे।

वर्श 1992–93 के बजट अनुमानो की मांगो पर चर्चा तथा मतदान (पुनरारम्भ)

श्री औम प्रका ा जिन्दल (हिसार): अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए मै आपका धन्यवाद करता हू। अध्यक्ष महोदय, मै इंडस्टरी के बारे में यह बोलना चाहता हूं कि हमारे हरियाणा में इंडस्टरी बहुत ही कम है और कभी कोई नई खुली भी नही है। (ाोर एवं व्यवधान)

उद्योग मंत्री (श्री लछमन दास अरोडा): अध्यक्ष महोदय, मेरा प्वायंट आफ आर्डर है।

श्री अध्यक्षः अरोडा साहब, आप बीच में न बोले।

श्री औम प्रका ा जिन्दलः अध्यक्ष महोदय, हरियाणा के वातावरण और दूसरी स्टेटो के वातावरण में अन्तर है। यहां के जो पोलिटि ियन्ज है वे यहां पर सबसे बडे डाकू बने हुए है। अगर यहां पर कोई इंडस्टी लगाता है तो उसको बहुत तंग किया जाता है और दूसरे लेबर के रहने के लिए कोई प्रावधान नही है। किसी भी कालौनी में लेबर के लिए डिस्पैंसरी भी नही है। लेबर बिहार से भी आती है और दूसरी जगहो से भी आती है लेकिन वह भी यहां पर आना बन्द हो जाएगी क्योंकि रोडवेज का भाडा इतना बढ गया है कि उसका आना जाना बहुत मु कल हो जायेगा और

अगर लेबर फैक्ट्रीज के अन्दर नही आएगी तो फैक्ट्रीज भी नही चलेगी तथा जब फैक्ट्रीज नही चलेगी तो हरियाणा गवर्नमैंट भी नही चलेगी क्योंकि सरकार को फैक्ट्रीज से ही इंकम होती है। यह तो आप भी जानते है जहां तक ऐडमिनिस्ट्रे ान की बात है हिसार में एक सिटी पुलिस इंसपैक्टर है वह लोगो को पकड पकड कर ले जाता है और उन लोगो को छोडने के लिए उसकी फीस पांच हजार से लेकर 25 हजार तक है ंयह बात अगर झूठ हो तो आप उसकी इंक्वायरी करवा सकते है। यह बात तो मुख्य मंत्री जी को भी पता है क्योंकि उस इंसपैक्टर का यह पक्ष कर रहे है तो यह हालत तो हिसार में हो रही है। इस इंस्पैक्टर का कोई भाई चौधरी रामबीर सिंह है वह भी लोगो को परे ाान करता है यह बात हर आदमी जानता है इसमें कोई दो राय नही है पुलिस वाले एक गरीब आदमी को पकड कर ले गये जब पता लगा कि कंगाल को लेकर आए है तो उसे जुते मार कर छोड दिया। आज मेरे सामने यह समस्या है कि इससे कैसे छुटकारा पाया जाये।

अध्यक्ष महोदय, इसके अलावा मै ऐक्साइज़ एंड टैक ोसन के बारे में बताना चाहता हूं कि जितने भाराब के ठेके हुए है और जितने वहां पर अफसर बैठे हुए है वह बडी अच्छी तरह से, बडी सफाई से काम कर रहे है। जब हम उनसे कहते है कि आप इतनी ज्यादती क्यों कर रहे हो तो तब मानते ही नही है। मेरे कहने का मतलब यह है कि यह काम बहुत ही समझदारी से होना चाहिए क्योंकि यह मुख्य मंत्री जी को मालूम है। हम यह

कभी नही चाहते कि मुख्य मंत्री हट जायें। हम तो चाहते है कि मुख्य मंत्री जी 101 साल तक राज करते रहे। लेकिन हम यह चाहते है कि प्रदे ा में ईमानदारी आनी चाहिए। जब मुख्यमंत्री जी * * * * बोलते है तो पब्लिक को भी वैसा ही बोलना पडेगा।

जन स्वास्थय मंत्री (चौधरी जगदी ा नेहरा): आन ए प्वायंट आफ आर्डर सर। माननीय सदस्यको इस ढंग से नही कहना चाहिये। इनको समझ होनी चाहिये क्योकि ये बहुत बडे इंडस्ट्रीयलिस्ट है और यह जो ऐलिगे ान लगा रहे है ये गलत है। इसलिए मै इनसे कहूंगा कि वे कम से कम बोलने में सभ्यता जाये और ऐसा कोई भाब्द न कहे जिससे हमें बार बार उठना पडे। आप केवल डिमांड पर बोलिये। (ाोर)

श्री अध्यक्षः नेहरा जी, आप बैठिये।

श्री औम प्रका ा जिन्दलः अध्यक्ष महोदय, अभी हम मन्दिर मे चलते है और अगर मैने कुछ झुठ कहा है तो मै मंदिर में भापथ खाने को तैयार हूं।

चौधरी जगदी ा नेहराः अध्यक्ष महोदय, अगर यह मंदिर मे जाने के लिए तैयार है तो हम भी मंदिर में जाने के लिए तैयार है लेकिन इनहोने जो बाते कही है क्या वह सच्ची है? यह तो एसे भाशण कर रहे है जैसा कि किसी पब्लिक मीटिंग में करते है। आप डिमांड पर बोलें। मेरी प्रार्थना है कि आप बोलने में कुछ सभ्यता लाये। आपको अभी तक बोलने की सभ्यता नही आयी।

श्री अध्यक्षः नेहरा जी, आप बैठिये। उनको बोलने दीजिये।

श्री औम प्रका ा जिन्दलः अध्यक्ष महोदय, जितना मुझे पता है वह मै सही ही बोलूंगा। (विघ्न) अगर आपको कुछ अच्छा नही लगता तो मुझे इस हाउस से निकाल दें। आपको अगर मेरी बात अच्छी नही लगती हो तो मै बैठ जाता हूं। मै ऐक्साईज़ एंड टैक ोसन के बारे में बोल रहा था कि हरियाणा का बच्चा बच्चा इस बात को जानता है कि टैक्स कैसे वसूल किया जाता है और कैसे टैक्स छोडा जाता है। अगर सही और ईमानदारी से पूरा टैक्स हरियाणा मे आ जाए तो हमे ंकोई टैक्स बढाने की जरुरत ही नही है। गरीब आदमी के उपर यह तो बस का भाडा बढा कर बोझ डाला गया है, यह अच्छा नही किया गया है। हर आदमी के उपर यह जो बस का भाडा बढाया गया है, इसका बोझ पडेगा। अगर आपने लगाना ही नही है तो बउी बडी पार्टियो पर लगाईये। उससे गरीब लोगो को कोई फर्क नही पडता। बसो को चलाने के अन्दर भी अगर ईमानदारी से काम किया जाए तो बात बन सकती है। जिस ढंग से उनको चलाया जाता है वह ठीक नही है। अगर आप एक प्राईवेट बस वाले से कम्पीटी ान करें तो आपको पता चलेगा कि उससे हरियाणा के लोगो को कितना फायदा होता है। आप बसो के मामले में भी सच्चाई पर चले। एक रुट आप किसी प्राईवेट पार्टी को दे दीजिए और उसका प्राफिट आफ मार्जिन देखिये तब आपको पता चलेगा कि क्या स्थिती है। आप फिर

प्राईवेट आप्रेटर और अपना कम्पैरिजन करिये तब आपको पता चलेगा कि कितना घोटाला है। इसमें हर जगह बेईमानी भरी हुई है। हर जगह इसी तरीके से हो रहा है जो नही होना चाहिये। अगर मै यह बात कहूं कि अगर मै राजनीति में आया हूं तो सिर्फ इसलिए आया हूं कि मै किसी को एक पैसा नही देने दूंगा। एक पैसे की हेरा फेरी नही करुंगा, न करने दूंगा। अगर मै एक पैसे की भी हेरा–फेरी करु तो भगवान मुझे उठा ले। अगर कोई हेरा–फेरी करेगा तो मै ओपनली उस बारे में बोलूंगा। बाहर ही नही, विधान सभा के अन्दर भी बोलूंगा। अगर कोई एम0 एल0 ए0 यह कहता है कि इंसपैक्टर ने उसे 5000 रुपये दिये ताकि वह उसके खिलाफ न बोले तो मै तो यह कहता हूं कि आप खु ाकिस्मत हो। बदकिस्मती यह है कि हमारे यहां पर तो इंसपैक्टर पैसा लेते है। वह एम0 एल0 ए0 खु ाकिस्मत है जिसको एक इंसपैक्टर ने इतने पैसे दिये थे। अध्यक्ष महोदय, मै एक बात अव य कहना चाहता हूं कि हिसार के अन्दर इंसपैक्टर जो जुलम कर रहा है, वह सारे मुख्य मंत्री जी की नालेज में होगे क्योंकि यह इनका अपना जिला है। मुझे भाहर के बारे में कोई खास ि ाकायत नही है। यह काम करता है या नही करता है लेकिन जिस तरीके से आदमियो को पकड पकड कर उनसे माफियां मंगवाई जाती है, यह अच्छी बात नही है। धन्यवाद।

श्री जय सिंह (नीलोखेडी): स्पीकर साहब, आज यह तो 1992–93 के बजट अनुदानो की मांगो पर चर्चा हो रही है, मै भी

इसमें भाग लेने के लिए खडा हुआ हूं। स्पीकर साहब, मै इस महान सदन में, डिमांड नं0 3 जो होम के बारे में है, कहना चाहता हूं। मेरे से पहले बोलने वाले मेरे साथियो ने इस बारे मे काफी चर्चा की है। उन्होने बहुत सारे आरोप इस सरकार पर लगाये। अभी कुछ देर पहले बोलते हुए पेहवा के विधायक भाई जसविन्दर सिंह ने एक बात कही। उन्होने यह कहा कि इस प्रदे ा अन्दर एक समुदाय वि ोश के उपर अत्याचार हुए है। इस बारे में विपक्ष के नेता श्री सम्पत सिंह जी ने बहुत लम्बा चौडा कहा। इस बारे में मै एक ही बात कहना चाहता हू। इस सरकार से पहले सम्पत सिंह का राज था। कोई भी राज हो या कोई भी सरकार हो, किसी भी समुदाय पर अत्याचार नही होने चाहिए लेकिन मै एक बात प्रोफैसर सम्पत सिंह जी से पूछना चाहता हूं कि जिस समय वे गृह मंत्री थे उस वक्त ऐसे वाक्य हुए जिनका मै जिक्र करना जरुरी समझता हू। आज ये लोग लॉ एंड आर्डर की बात करते है। स्पीकर साहब, जो वाक्या हुए वे मेरे जिले करनाल से संबंधित है। करनाल जिले में सिखो की आबादी बहुत ज्यादा है और खासतौर पर मेरे हल्के मे तो सिखो की आबादी बहुत ही अधिक है। वहां पर कुछ ढाणियां है। जिन लोगो के पार अच्छे ट्रक्टर होते थे और जिनके पास काफी अच्छी जमीन होती थी और जिनकी फसल अच्छी होती थी तथ अच्छे मकान होते थे वहां पर सी0 आई0 ए0 के अफसर पहुंच जाते थे और उनको वारनिंग देते थे कि आपके पास उग्रवादी आए थे या कहते थे कि आपके पास उग्रवादी आने वाले है। इसी बिनाह पर उनको पकड कर वे सी0 आई0 ए0 के

इंस्पैक्टर ले जाते थें। निसिंग और असंध के थानो में इनको ले जाया जाता था और वहां पर इनके उपर अत्याचार किए जाते थे। उस वक्त हालत यह थी कि जो भी जमींदार सिख पचास चालीस किले का मालिक होता था उनको इन्होने नही छोडा। मै कहता हूं कि इनके समय में लोगो के साथ ऐसा अत्याचार हुए जैसे कभी नही हुए। स्पीकर साहब, मै इस सदन का उस वक्त सदस्य था। सदस्य होने के नाते मै गृह मंत्री से कहा करता था कि आपके राज्य में ऐसे अत्याचार हो रहे है लेकिन आज यही लोग कानून और व्यवस्था खराब होने की बात करते है। (ाोर एवं व्यवधान)। स्पीकर साहब, मै गृह मंत्री के कार्यकाल की ही बात कर रहा हूं कि उस समय किस तरह से कानून और व्यवस्था की स्थिती थी। किस तरह से थानो में अत्याचर होते थे और दूसरे स्टे ानो पर कितने अत्याचार होते थे। सी0 आई0 ए0 के इंस्पैक्टर कितना जुल्म उस वक्त करते थे और किस तरह से ये इंस्पैक्टर लोगो की पिटाई करते थे और लोगो को लुटते थे। हरियाणा का हर आदमी इनके जुल्म से वाकिफ है। मै तो इनको कहना चाहता हूं कि इनको अपने गिरेबान में झांक कर देखना चाहिए और फिर ला एण्ड आर्डर के बारे में बोलना चाहिए।

वैयक्तिक स्पश्टीकरण–

प्रो0 सम्पत सिंह द्वारा

प्रो0 सम्पत सिंहः आन ए प्वायंट आफ ऐक्सपलेने ान। स्पीकर साहब, अभी माननीय सदस्य ने हमारे वक्त का जिक किया। स्पीकर साहब, माननीय सदस्य को याह होगा कि ये खुद हमारी वजारत मे थे। वजारत की कलैक्टिव जिम्मेदारी होती है। इनकी तो आदत है कि जिसका राज हो उसकी हाजिरी देते रहते है। यह हमे ाा पासा पलटते रहते हैं स्पीकर साहब, जिस सी0 आई0 ए0 इंस्पैक्टर का ये जिक कर रहे है वह इंस्पैक्अर आज के दिन डी0 एस0 पी0 है और इसी सरकार ने उसको डी0 एस0 पी0 बनाया है लेकिन आज यह कह रहे है कि उसने बहुत जुल्म किए और वह लुटेरा था। इनकी भी हद है। इस समय उसकी डी0 एस0 पी0 की पोस्टिंग है। जोकि उसने इस सरकार से ले रखी है। उस वक्त ये वजीर थे उस वक्त इन्होने कुछ नही कहा। आज मुख्य मंत्री को राजी रखने के लिए ये ब्यान दे रहे है। स्पीकर साहब, ये सारी बाते असत्य कह रहे है।

वर्श 1992–93 के बजट अनुमानो की मांगो पर चर्चा तथा मतदान (पुनरारम्भ)

श्री जय सिंहः स्पीकर साहब, उस इंस्पैक्टर को डी0 एस0 पी0 भी इन्होने बनवाया था। जहां तक मुख्य मंत्री को राजी रखने की बात है, स्पीकर साहब, 1987 मे मै इनके मुबाकले मे जीतकर आया था। इनके साथ मै चार महीने भाामिल रहा।

अध्यक्ष महोदय, चौधरी हुक्म सिंह जी उस समय इस प्रदे ा के मुख्य मंत्री थे। बे ाक वे कमजोर आदमी थे लेकिन वे भारीफ आदमी थे। उन्ही के कारण मै इन लोगो के साथ कुछ देर तक रहा। जब इनके अपने नेता मुख्य मंत्री बने तब मैने मंत्रीमण्डल छोड दिया। जब पहली बार इनके नेता मुख्य मंत्री थे तब मै वन विकास बोर्ड का चेयरमैन नियुक्त किया गया था पर मैने उस पद को ग्रहण करने से इन्कार कर दिया था। (घंटी)

अध्यक्ष महोदय, अब मै अपने हल्के से संबंधित कुछ बाते इस सदन के सम्मुख रखना चाह रहा हूं। सब से पहले मै सडको के बारे मै कहूंगा। मुख्य मंत्री महोदय ने इस हाउस में ऐलान किया था कि 31 मार्च तक सभी खराब सडको को ठीक कर दिया जाएगा। मै उन से कहूंगा कि उनके इस वायदे के अनुसार काम में कोई तेजी नही है। कही न कही जरुर अधिकारियो के तेजी के काम की बजाय कमजोरी आई है और कही भी कोई काम योजनाबद्ध तरीके से नही हो रहा है। इसलिए मै सरकार से कहूंगा कि वे इस तरफ ध्यान दे और अधिकारियो को इस बारे में सतर्क रहने के लिए कहे। मेरे हल्के में एक ऐक्सीअन था, वह पिछले राज्य में भी वही पर था और आज भी वह एक्सीअन वही पर है। मै समझता हू कि वह एक्सीअन उस अपने ऐरिया के काम करने में पूरी तरह से असमर्थ है और वह अपने इलाके के कार्य को अपने होते पूरा नही कर सकता है।

अब मै ि ाक्षा के बारे में कहूंगा कि हमारी सरकार ने जो लडकियो के लिये फ्री ि ाक्षा का प्रबन्ध किया है, यह एक बडा उदारवादी कदम है लेकिन उनके पास स्कूली ि ाक्षा प्राप्त करने के बाद कोई साधन नही है कि वे अपने पैरो पर स्वयं खडी हो सकें। इसलिए मेरा अनुरोध है कि लडकियो की उच्च ि ाक्षा के लिये तरावडी मे ंएक डिग्री कालेज खोलने का प्रावधान किया जाना चाहिये ताकि लडकियो को उच्च ि ाक्षा दी जा सके।

इस के बाद अब मै सिंचाई के संबंध में भी कुछ कहना चाहता हूं। अध्यक्ष महोदय, आपक और मेरा क्षेत्र साथ साथ लगता है। आप भली प्रकार जानते है कि हमार क्षेत्र कृशि प्रधान क्षेत्र है। वहां पर जीरी धान की फसल होती है। बढिया बासमती का उत्पादन भी हमारे उसी इलाके में होता है। यह बासमती दूसरे प्रदे ा व विदे ाो को भी जाती है जिससे हमारी सरकार का फौरन एक्सचेन्ज भी बढता है। इससे सारे दे ा को लाभ होता है। हमारे क्षेत्र के लोग बडे ही मेहनती है लेकिन इन सब बातो के साथ साथ तभी बढिया खेती हो सकेगी जबकि उस इलाके को जरुरत के अनुसार बिजली व पानी की सप्लाई सरकार की ओर से लगातार होती रहे। इसलिए मेरा सरकार से अनुरोध है कि हमारे इलाके की ओर बिजली व पानी के मामले में वि ोश ध्यान दिया जाए क्योकि हमारा इलाका अपने प्रदे ा, दे ा व दूसरे प्रदे ाो की जरुरत को पूरी करता है।

बैठक का समय बढाना

13:00 बजे

श्री अध्यक्षः यदि हाउस की सैंस हो तो बैठक का समय आधे घंटे के लिए बढा दिया जाए।

आवाजें: ठीक है जी।

श्री अध्यक्षः बैठक का समय आधे घंटे के लिए बढाया जाता है।

वर्श 1992–93 के बजट अनुमानो की मांगो पर चर्चा तथा मतदान (पुनरारम्भ)

श्री जय सिंहः स्पीकर साहब, मै अनुरोध करुंगा कि मेरे हल्के में एक 132 के0 वी0 का स्टे ान मंजूर हो चुका है, उसको जल्दी चालू करवाया जाए।

श्री अध्यक्षः उसके बारे में तो पहले ही अ योरैंस आ चुकी है।

श्री जय सिंहः इसके अलावा मेरी प्रार्थना है कि एक 33 के0 वी0 का सब–स्टे ान निगधु मे स्थापित किया जाए। मेरे हल्के मे पिछले कई सालो से नहरो की भी सफाई नही हुई। मूरे हल्के में कच्ची नहरे है। एक चितंग डिस्ट्रब्यूटरी है जो सारे इलाके की सिंचाई करती है, उसको साफ करवाया जाए।

श्री अध्यक्षः आपका समय समाप्त हो चुका है। अब श्री फूल चन्द मुलाना बोलेंगे।

चौधरी फूल चन्द मुलाना (मुलाना, अनुसूचित जाति): अध्यक्ष महोदय, मै आपका धन्यवाद करता हूं कि आपने मुझे समय दिया। अध्यक्ष महोदय, सदन में बजट की एक से लेकर 25 तक जो मांगे प्रस्तुत की गई है, मै उन चर्चा करना चाहूंगा। अध्यक्ष महोदय, हरियाणा प्रानत को बने हुए 25 वर्श हो चुके है। इस 25 वर्श के अर्से में कुछ अरसे को छोड कर हरियाणा ने हर क्षेत्र में चहुमुखी विकास किया है। नाजायज कब्जे थे और लोगो को दबाया जा रहा था। 53–53 दिन तक लोगो को हिरासत में रखा गया। आज कानून व्यवस्था की जो चर्चा हो रही है वह आपके सामने है। आपने देखा कि सारे दे ा से हरियाणा की स्थिती अच्छी है। पंजाब मे ंमिलिट्री का प्रै ार होने के कारण यहां हरियाणा में एक आध घटना घटी है जिसका दु:ख हमें भी है लेकिन फिर भी हरियाणा की द ाा बहुत अच्छी है। अध्यक्ष महोदय, 25 सूत्रीय कार्यक्रम को संकल्प के रुप में हरियाणा सरकार ने चलाया। इसमें विकास की चहुमुंखी योजनाए है। जब हरियाणा बना था तो उस समय हरियाणा की क्या स्थिती थी और आज क्या स्थिती है। हर क्षेत्र मे इतना अन्तर है चाहे वह बिजली का क्षेत्र है या इंडस्ट्री और इरीगे ान का क्षेत्र है। सभी में चहुंमुखी विकास हुआ है। अध्यक्ष महोदय, सब से पहले मै डिमांड नम्बर एक जो विधान सभा के बारे में है, पर बोलना चाहूंगा।

श्री अध्यक्षः विधान सभा के बारे में आप कुछ नही बोल सकते।

चौधरी फूल चन्द मुलानाः अध्यक्ष महोदय, मै विधान सभा को बीच में ला कर अपनी बात कहूंगा। हर व्यक्ति चाहे वह साधारण नागरिक हो और चाहे विधायक हो, उसकी वर्किंग कंडी ान ठीक होन चाहिए तभी वह अपनी डयूटी ठीक तरह से कर सकता है। आज की बढती हुई महंगाई को देखते हुए हमें और सुविधाएं चाहिए। चाहे वह माननीय सदस्य का भत्ता है, कार का माइलेज के रेट्स है, टी0 वी0 है, कांस्टीच्यूएंसी का अलाउंस है या टेलीफोन का खर्चा है। ये सारे खर्चे बहुत बढ चुके है। हमें हर रोज टेलीफोन करने पडते है, बाहर मीटिंग अटैंड करने के लिए जाते है तो खर्चा ज्यादा करना पडता है। पार्लियामैंट में भी एक एम0 पी0 को डेढ सौ रुपया डेली मिलती है इसलिए यहां पर भ सौ रुपये बढा कर डेढ सौ रुपए जरुर करना चाहिए। चाहिए तो दौ सौ रुपये लेकिन अगर आप पार्लियामैंट से ज्यादा नही कर सकते तो कम से कम उनके बराबर 150 रुपये तो कर दें। इसके अलावा विधायको के पास गाडी होना बहुत ही जरुरी है। एक बार सरकारी तौर पर यह प्रावधान किया गया था कि डिस्ट्रिक्ट लेवल पर डिस्ट्रिक्ट मैजिस्ट्रेट या डी0 सी0 एक गाडी रखेगे और उसको विधायक इस्तेमाल कर सकेंगे लेकिन इस बारे में कोई अमल नही हुआ। उस प्रावधान को भी लागू किया जाना चाहिये। इसके अलावा मै एक बात यह भी कहना चाहूंगा कि हमारे मुख्य मंत्री जी

ने विधायको को एक एक स्टैनो टाइपिस्ट देने के बारे में आ वासन दिया था लेकिन विधायको को अभी तक स्टैनो टाइपिस्ट प्रोवाइड नही किए गए है। विधायको को उसे कोई कागज वगैरह टाइप करने के लिए एक एक स्टैनो टाइपिस्ट का प्रावधान अव य किया जाना चाहिए। इसके अलावा अध्यक्ष महोदय, मै डिमांड नम्बर 2 के बारे में अपने विचार प्रकट करना चाहूंगा जाकि सामान्य प्र ाासन के बारे में है। सामान्य प्र ाासन के बारे में सारी बात आ सकती है इसलिए मै इस डिमांड पर बोलते हुए अपनी सारी बातें कहना चाहूंगा। अध्यक्ष महोदय, पिछली सरकार के मुख्य मंत्री चौधरी औम प्रका ा चौटाला ने सिर्फ पांच जगहो से तहसीलदार बुला लिए यानि अम्बाला, करनाल, पानीपत, वल्लभगढ और गुडगांव से तहसीलदार बुला लिए और उनसे कहा कि आप हमें कितना पैसा दोगे तो उन्होने कहा कि हम आपको 51–51 हजार रुपया दे देंगे। लेकिन चौधरी औम प्रका ा चौटाला उनसे कहते है कि 51 हजार रुपये में तो बात नी बनेगी आप 51 लाख रुपये देने की बात करो। उन तहसीलदारो ने कहा कि यह बात हमारे बस की नही है तो इस बात पर चौधरी औम प्रका ा चौटाला ने उन तहसीलदारो पर ओडिटर बैठा दिए। पहले तो तहसीलदारो को रजिस्ट्री के मामलो में मारा जाता है कि आपने कम पैसे में रजिस्ट्री क्यो कर दी उसके बाद उन पर औडिटर बैठा दिए। अगर किसी प्रोपर्टी डीलर द्वारा खरीदी गई जमीन अटैच हो जाए तो उसको कोई असर नही पडता लेकिन अगर ऐसे मामलो में किसी गरीब आदमी की जमीन अटैच हो जाती है तो वह संकट में

पड जाता है। सरकार से मेरा निवेदन है कि अगर कोई तहसीलदार कम पैसे मे रजिस्ट्री करता है तो आप उस एरिया के लिए सारी जमीन की मिनिमम किमत फिक्स कर दें कि इस जमीन की इतने रेट्स से कम रजिस्टरी नही होगी। ऐसा करने से आडिटर की कोई आव यकता नही रहेगी और जो ओडिटर बैठा रखे है उनको हटा देना चाहिए। इसके अलावा अध्यक्ष महोदय, मै गृह विभाग से संबंधित डिमांड के बारे में अपने विचार प्रकट करना चाहूंगा। हमारे प्रान्त की पुलिस काफी सतर्क है हमें इस बात के लिए फख्र होना चाहिए। किसी भी राज्य को चलाने के लिए वहां की पुलिस वहां का लॉ एंड आर्डर मजबूत होना बहुत जरुरी है। लेकिन फिर भी हमारे मुख्य मंत्री जी ने सदन मे यह आ वासन दिया है कि ये पुलिस को और गिअर अप करेंगे और विजिलैंस को बढाएगे ताकि हमारे प्रदे ा के लोग भाांति और अमन के साथ अपना गुजर कर सके। अध्यक्ष महोदय, रेवेन्यु के बारे में चर्चा आई। मालिया तो वैसे ही बन्द किया हुआ है किसी भी किसान से मालिया नही देने के लिए सरकार द्वारा तहसीले बनाई जा रही है। सब–तहसीले बनाई जा रही है और ब्लाकस बनाए जा रहे है लेकिन मुलाना को सब–तहसील बनाना अभी बाकी है। मुलाना एक सब–माउंटेनियस ऐरिया है इसलिए मुलाना को सब–तहसील जरुर बनाया जाना चाहिए। इसके अलावा अध्यक्ष महोदय, चौधरी पीर चन्द जी ने एक बात कही कि हरिजनो के लिए परमो ान में रिजर्वे ान होनी चाहिए। मै उनके प्वाइंट को रैक्टीफाई करना चाहूंगा ओर यह कहना चाहूंगा कि केन्द्र में और

पंजाब में रिक्रॅटमैंट के टाईम पर भी रिजर्वे ान है और परमो ान में भी रिजर्वे ान है इसलिए हरियाणा के अन्दर भी हरिजनो के लिए ऐस करना आव यक है। इसके अलावा मै यह भी कहना चाहूंगा कि जो विकलांग है उनको भी एक बार रिजर्वे ान का मौका अव य दिया जाना चाहिए। चाहे रिक्रुटमैंट के टाईम पर उनको रिजर्वे ान का मौका दे और चाहे परमो ान के टाईम पर उनको रिजर्वे ान का मौका दें। जिस विकलांग ने रिक्रुटमैंट के टाईम पर रिजर्वे ान का लाभ नही उठाया उसको परमो ान के टाईम पर रिजर्वे ान का लाभ दिया जाना चाहिए और जिसको डायरेक्ट रिक्रूटमैंट के टाईम पर रिजर्वे ान का लाभ मिल गया उसको परमो ान मे रिजर्वे ान का लाभ नही देना चाहिए। इसके अलावा अध्यक्ष महोदय, मै सडको के बारे में अपने विचार प्रकट करना चाहूंगा। इसमें कोई दो राय नही है कि हमारे प्रान्त की सडको की मुरम्मत हो रही है।

साथी लहरी सिंहः मुलाना साहब, आप हरिजनो के बैकलाग के बारे में भी कह दें।

चौधरी फूल चन्दमुलानाः बैकलाग को खत्म करने में समय लगता है। मुख्य मंत्री जी ने बैकलाग खत्म करने के लिए बहुत ही बढिया कदम उठाया है। खास तौर से पुलिस की भर्ती में इनहोने इस तरफ बहुत ध्यान दिया है। आजकल जो नौकरियां निकलती है उनमें बैकलाग पूरा करने के लिए मैक्सीमम रिजर्वे ान का ध्यान रखा जा रहा है। मै मुख्य मंत्री जी से निवेदन करना

चाहूंगा कि जो बैकलाग है उसको तुरन्त पुरा कर दिया जाए ताकि हरिजनो को कोई गिला न रहे।

अध्यक्ष महोदय, मुख्य मंत्री जी ने ऐलान किया हैकि हर स्कूल को और मदिर को पक्की सडक से जोड दिया जाएगा। यह बडी भारी प्रगति की बात है। प्रगति तभी हो सकती है जब सडके पक्की होगीं। अब सडको का काम मार्किटिंग बोर्ड के जरिए भी कराया जा रहा है, यह अच्छी बात है।

अध्यक्ष महोदय, अब मै ि ाक्षा के बारे में कहना चाहता हूं। अब की बार जब बच्चो ने पेपर दिए तो उन्होने पेपरो पर अपने रोल नं0 लिख दिए लेकिन जो कोड नं. एजुके ान बोर्ड द्वारा दिया गया था उसको लिखना भूल गए। मेरी ि ाक्षा मंत्री महोदय से प्रार्थना है कि इस तरफ ध्यान दिया जाये ताकि बच्चे फेल न हो जायें। इस बारे में मै एक बात यह कहना चाहता हूं कि आज के दिन नकल बहुत अधिक हो रही है। अगर पेपरो में इसी प्रकार नकले होती रही तो हरियाणा का भविश्य अंधकारमयहो जायेगा। इसलिए नकल को रोकने के लिए सख्ती के साथ कदम उठाये जाये। इसके अलावा जिन स्कूलो में स्टाफ पूरा नही है वहां पर स्टाफ पूरा किया जाये और जिन स्कूलो के भवन ठीक हालत में नही है उनकी तरफ भी ध्यान दिया जाये। काफी पैसा स्कूलो की बिल्डिंग का पी0 डब्ल्यू0 डी0 के पास पडा हुआ है इसलिए उस पैसे का जल्दी से जल्दी इस काम मे ंयूज़ करना चाहिए। इस

काम के लिए सर्वे सारे हरियाणा के स्कूो की बिल्डिंगो का करवाया जाये।

अध्यक्ष महोदय, अब मै पी0 एच0 सी0 और डिस्पेंसरियो के बारे में बोलना चाहता हू। इन की बुरी हालत है। इनमें न तो पूरा स्टाफ है और न ही मैडीसन पे ेंटस को मिल पाती है।

अध्यक्ष महोदय, एक बात जो बहुत जरुरी है वह मै कहना चाहता हू। ने ानल हाई वे फोर लेन का बनना अधूरा पडा हुआ है इसको जल्दी से जल्दी पूरा करवाया जाये।

अध्यक्ष महोदय, अब मै इरीगे ान के बारे में बताना चाहता हूं। मेरे इन अपोजी ान के भाईयो ने एक संघर्श समिति का गठन किया था। मै पूछना चाहता हूं कि अब उनकी वह संघर्श समिति कहां चली गई। इन्होने अपने चार साल के अर्से में नही की खुदाई के लिए कोई काम नही किया। अध्यक्ष महोदय, एस0 वाई0 एल0 कैनाल का बनना परम आव यक है। जिस तरह से इस कैनाल का बनना परम आव यक है उसी प्रकार से दादूपूर नलवी कैनाल का बनना भी आव यक है। इससे यमुना नगर जिला और अम्बाला जिले को काफी फायदा हो सकता है। अध्यक्ष महोदय, मुख्य मंत्री महोदय ने आ वासन दिया है कि इसको हम जल्दी से पूरा करेंगे। मारकंडा वैराज का पूरा होना भी परम आव यक है ताकि उस इलाके के लोगो को पानी मिल सके। इसी प्रकार से हथनी कुंड बैराज का बनना आव यक है। ताकि

सढौरा और मुलाना के क्षेत्र को पानी की सुविधा मिल सके। मैने इस बारे में एक मूल प्र न किया था।

अध्यक्ष महोदय, अब मै इंडस्ट्रीज के बारे में बताना चाहता हू। काला आम मे हिमाचल प्रदे ा की बहुत सारी फैक्ट्रीज लगी हुई है। उनका गन्दा पानी मारकंडा नदी मे गिरता है। इस पानी को पीने से उस इलाके के प ाु मर जाते है मेरी सरकार से गुजारि ा है कि उस गन्दे पानी को इस नाले में गिरने से रोका जाये ताकि वहां के प ाु इस पानी को पीने से न मरे। अध्यक्ष महोदय, हमारे पहाडी बैल्ट के कई एरियाज मे प ाुओ के लिए पीने के पानी का कोई प्रबन्ध नही है। इसलिए मेरी सरकार से प्रार्थना है कि वहां पर भी सरकार ध्यान दे।

अध्यक्ष महोदय, हिसार ऐग्रीकल्चर युनिवर्सिटी में एक ऐस्ट्रो टर्फ मैदान बनना था लेकिन वह नही बना जबकि उस पर इनकी पिछली सरकार के समय में काफी पैसा खर्च हुआ है। मेरी सरकार से मांग है कि उस पैसे की जांच होना चाहिए और वह मैदान जल्दी से जल्दी बनना चाहिए।

